SCHOOL OF PLANNING AND ARCHITECTURE, BHOPAL

स्थपतिः स्थापनार्हः स्यात् सर्वशास्त्रविशारदः

# योजना एवं वास्तुकला विद्यालय, भोपाल
# वर्ष 2020–21

राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 13 वीं बैठक का कार्यवृत्त (Meeting Minutes)

30 जून, 2020

**स्थान**

सभा कक्ष, एसपीए, भोपाल

Conference Room, SPA Bhopal

योजना एवं वास्तुकला विद्यालय, भोपाल

वर्ष 2020–21

राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 13 वीं बैठक का कार्यवृत्त (Meeting Minutes)

दिनांक 30 जून 2020

दिनांक 30 जून 2020 को राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 13 वीं बैठक का आयोजन संस्थान के सभा कक्ष (एकेडमिक ब्लॉक) में किया गया।

राजभाषा कार्यान्वयन समिति के सदस्य निम्नलिखित हैंः–

| क्र. | सदस्य /पद | |
|---|---|---|
| 01 | प्रो. डॉ., एन. श्रीधरन, निदेशक | अध्यक्ष / Chairmen |
| 02 | प्रो. बिनायक चौधुरी, प्राध्यापक | सदस्य / Member |
| 03 | श्री शाजु वगीज़, कुलसचिव (प्रभारी) | सदस्य / Member |
| 04 | डॉ. क्षमा पुणताम्बेकर, सहायक प्राध्यापक | सदस्य / Member |
| 05 | श्री गौरव सिंह, सहायक प्राध्यापक | सदस्य / Member |
| 06 | श्री सन्मार्ग मित्रा, सहायक प्राध्यापक | सदस्य / Member |
| 07 | श्री मनीष व्ही. झोकरकर, सहायक कुलसचिव | सदस्य / Member |
| 08 | श्री अमित खरे, सहायक कुलसचिव | सदस्य / Member |
| 09 | श्रीमती दीपाली बागची, सहायक कुलसचिव | सदस्य / Member |
| 10 | श्री आनंद किशोर सिंह, अनुभाग अधिकारी | सदस्य / Member |
| 11 | श्री सुनील कु. जायसवाल, हिन्दी सहायक | सदस्य / Member |
| 12. | सुश्री जयति दुदानि, छात्रा | सदस्य / Member |

| **13.1** | **दिनांक 06 नवम्बर 2019 को आयोजित राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 12 वीं बैठक का कार्यवृत्त (Minutes) का सत्यापन** |
|---|---|

दिनांक 06 नवम्बर 2019 को आयोजित राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 12 वीं बैठक का कार्यवृत्त निदेशक महोदय के अनुमोदन उपरांत, सभी सदस्यों को मेल के माध्यम से कार्यवृत्त की ई–प्रतिलिपि प्रेषित कर दी गई थी। उक्त कार्यवृत्त का बैठक में सत्यापन किया गया।

| **13.2** | **दिनांक 06 नवम्बर 2019 को आयोजित राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 12 वीं बैठक में लिये गए निर्णयों की कार्यवाही का प्रतिवेदन (Action Taken Report)** |
|---|---|

दिनांक 06 नवम्बर 2019 को आयोजित राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 12 वीं बैठक में लिये गए निर्णयों पर की गई कार्यवाही का प्रतिवेदन (Action Taken Report) प्रस्तुत है।

| क्र. | एजेण्डे की सूची<br>Agenda | लिये गए निर्णय<br>Decision | एक्शन टेकन<br>Action Taken |
|---|---|---|---|
| 12.1 | हिन्दी पत्रिका "स्पन्दन" अंक 5, वर्ष 2019 का प्रकाशन व वितरण | हिंदी पत्रिका का वितरण किये जाने के संबंध में – | उक्त पत्रिका, राजभाषा प्रभाग, गृह मंत्रालय, नई दिल्ली, मानव संसाधन विकास मंत्रालय, नई दिल्ली, शासी मण्डल, सीनेट, वित्त एवं भवन एवं निर्माण समिति के सदस्यों, नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति कार्यालय एवं अन्य संबंधित कार्यालयों को स्पीड पोस्ट के माध्यम से प्रेषित की गई है तथा संस्थान के सभी कर्मचारी एवं अधिकारियों एवं छात्र–छात्राओं को पत्रिका की ई प्रतिलिपि मेल के माध्यम से प्रेषित की गई है। तथा पत्रिका की ई प्रतिलिपि संस्थान की वेबवाईट पर अपलोड करा दी गई है। |
| 12.2 | हिन्दी की प्रगति हेतु प्रत्येक अनुभाग / विभाग में हिंदी में कार्य | हिंदी के कार्य को सरल बनाने हेतु हेतु सभी विभाग प्रमुखों को पत्र लिखकर अवगत कराने का निर्णय लिया गया । | उक्त निर्देश के अनुपालन में राजभाषा विभाग द्वारा कुलसचिव महोदय के हस्ताक्षर से सभी विभाग प्रमुखों को पत्र प्रेषित किया गया ताकि वे अपने कार्यालय में हिंदी के कार्य को आगे बढ़ा सकें। |
| 12.3 | तकनीकी शब्दावली (Vocabulary) तैयार करने के संबंध में | समिति ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि तकनीकी शब्दावली (Vocabulary) तैयार करने के संबंध में सभी विभाग प्रमुख अपने विभाग से एक नोडल पर्सन तैयार करें जो उक्त विभाग के सभी संकाय सदस्यों व शोध छात्रों से डाटा संग्रहित कर राजभाषा विभाग में प्रेषित कर सके। | उक्त निर्देश के अनुपालन में राजभाषा विभाग द्वारा कुल सचिव महोदय के हस्ताक्षर से सभी विभाग प्रमुखों को नोडल पर्सन तैयार करने हेतु पत्र प्रेषित किया गया है। तथा एक डॉक फाइल गूगल फार्म के माध्यम से प्रेषित की गई है। जिसमें डोटा एकत्रित किया जाना है। |
| 12.4 | राजभाषा वेबपेज पर अपडेशन के संदर्भ में | समिति ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि हिंदी पखवाड़े 2019 के अंतर्गत आयोजित विभिन्न | संस्थान की वेबसाइट के राजभाषा वेबपेज पर अब तक किये गए सभी हिंदी पखवाड़े की जानकारी मय फोटो |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | प्रतियोगिताओं के विजयी प्रतिभागियों की सूची भी संस्थान के वेबसाइट पर अपलोड की जाए तथा हिंदी यूनिकोड भी सभी कम्प्यूटर पर अपलोड किये जाएं। | अपलोड की गई है। तथा सभी विजयी प्रतिभागियों की सूची भी अपलोड की गई है। यूनिकोड सभी कम्प्यूटर पर अपलोड किये गए है। उक्त यूनिकोड को सभी स्टाफ को मेल के माध्यम से भी प्रेषित किया गया है। |
| 12.5 | हिन्दी कार्यशाला/सम्मेलन का आयोजन | समिति ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि अभिप्रेरित व्याख्यान (Motivational Speech), व्यैक्तिक विकास (Personality Development) पर हिंदी कार्यशाला की जाए, जो कि शिक्षा का महत्व, नीति शास्त्र, राष्ट्र भक्ति, प्लास्टिक का एकल उपयोग, स्वच्छता, साइबर क्राइम से सुरक्षा जैसे विषयों पर हो। | उक्त निर्देश के अनुपालन में माह मार्च 2020 में विषय– "साइबर क्राइम से सुरक्षा के उपाय" विषय पर कार्याशाला प्रस्तावित थी जिसमें एन. आई.टी.टी.आर. भोपाल से प्रो. एम.ए. रिज़वी, सह प्राध्यापक व्याख्यान देने हेतु आ रहे थे। किंतु महामारी कोविड–19 के कारण कार्यशाला स्थगित कर दी गई है। |
| 12.6 | हिन्दी पुस्तकों के क्रय के संबंध में | समिति ने सर्वसम्मति ने निर्णय लिया कि हिंदी की पुस्तकें जो नेशनल बुक ट्रस्ट से प्राप्त हो रहीं है, का प्रस्ताव अनुमोदिन करा कर पुस्तकें क्रय कर सकता है। | पुस्तकालय विभाग द्वारा नेशनल बुक ट्रस्ट से हिंदी पुस्तकें क्रय कर ली गई हैं। |
| 12.7 | स्टूडेंट काउंसिल द्वारा हिंदी क्लब का निर्माण | समिति ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि स्टूडेंट काउंसिल से चर्चा कर स्टूडेंट हिन्दी क्लब का प्रस्ताव रखा जाए। जो राजभाषा के प्रमोशन हेतु संस्थान स्तर पर गतिविधियां आयोजित कर सके। | उक्त निर्देश के अनुपालन में स्टूडेंट काउंसिल सदस्यों से चर्चा की गई तथा उनके द्वारा इस कार्य हेतु संगीत एनं नाटय समिति को ही हिंदी के प्रमोशन की जिम्मेदारी दी है व उनके द्वारा की गई गतिविधियां राजभाषा के ईमेल आई डी पर भी प्रेषित की गई है। |

**Point to be noted:**

**12.3** तकनीकी शब्दावली (Vocabulary) तैयार करने के संबंध में :

1. सभी विभाग प्रमुखों से उनके विभाग के कम से कम 30 तकनीकी शब्द एकत्रित करने का लक्ष्य रखा गया। इस कार्य को पूर्ण करने के लिए सभी विभाग प्रमुखों को अनुरोध करने का समिति ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया।

2. छात्रों को अपनी थीसिस का सारांश हिंदी में लिखने के लिए प्रेरित करने का निर्णय लिया गया। इस कार्य के लिए सभी संकाय सदस्यों व विभाग प्रमुख का सहयोग लेने का निर्णय लिया गया।

**12.4** राजभाषा वेबपेज पर अद्यतन (अपडेशन के संदर्भ में:

S.d
2/1/2020

1. एस.पी.ए. दिल्ली द्वारा तैयार की गई शब्दावली का पी.डी.एफ. प्रतिलिपि राजभाषा वेबपेज पर अपलोड करने का निर्णय समिति ने लिया व उक्त शब्दावली पर एस.पी.ए. दिल्ली का संदर्भ भी देने का निर्णय लिया गया।

2. राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक का एजेंण्डा व मीनिट्स निदेशक महोदय के अनुमोदन उपरांत संस्थान की वेबसाइट में राजभाषा वेबपेज पर अपलोड करने का निर्णय समिति ने सर्वसम्मति से लिया।

3. पुस्तकालय विभाग द्वारा प्रकाशित ''सारांश'' संस्करण की जानकारी का उल्लेख राजभाषा वेबपेज पर अपलोड करने का निर्णय समिति ने लिया व उसका यूआरएल कोड भी अपलोड करने का निर्णय लिया गया । ताकि व्यक्ति उस कोड के माध्यम से संबंधित संस्करण को पढ़ सके।

4. पुस्तकालय विभाग द्वारा क्रय की गई हिंदी पुस्तकों की सूची राजभाषा वेबपेज पर अपलोड करने का निर्णय लिया गया।

**12.5** हिंदी कार्यशाला के आयोजन के संबंध में : समिति ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि प्रस्तावित हिंदी कार्यशाला, विषय– ''साइबर क्राइम से सुरक्षा के उपाय'', व्याख्याता– प्रो. एम.ए. रिज़वी, सह प्राध्यापक, एन. आई.टी.टी.आर. भोपाल के द्वारा वेबीनार के माध्यम से कराई जाये।

**12.7** स्टूडेंट काउंसिल द्वारा हिंदी क्लब का निर्माणः

समिति ने निर्णय लिया कि हिंदी क्लब के निर्माण हेतु छात्र परिषद (स्टूडेंट काउंसिल) को पत्र लिखा जाये तथा छात्र परिषद, हिंदी क्लब का निर्माण कर संस्थान में संचालित सभी समितियों को हिंदी के प्रसार (प्रमोशन) हेतु प्रोत्साहित करे। इस हेतु राजभाषा विभाग का मार्गदर्शन व सहयोग भी प्राप्त करे । वह समय समय पर की जा रही गतिविधियों को राजभाषा विभाग में प्रेषित करे।

## 13.3 संस्थान की वार्षिक हिंदी पत्रिका ''स्पन्दन'', अंक 6, वर्ष 2020 के प्रकाशन हेतु संपादक मण्डल का गठन

संस्थान की वार्षिक हिंदी पत्रिका ''स्पन्दन'', अंक 6, वर्ष 2020 के प्रकाशन हेतु समिति ने सर्वसम्मति से संपादक मण्डल के सदस्यों के नाम प्रस्तावित किये।

नामित सदस्यों की सूची :–

1. संपादक मण्डल के अध्यक्ष, प्रधान संपादक – श्री मुकेश पाठक, उप पुस्तकालयाध्यक्ष
2. संपादक मण्डल के सदस्य, संपादक – डॉ अशफाक आलम, सहायक प्राध्यापक
3. संपादक मण्डल के सदस्य, संपादक – डॉ. क्षमा पुणताम्बेकर, सहायक प्राध्यापक
4. संपादक मण्डल के सदस्य, संपादक – सुश्री श्वेता सक्सेना, सहायक प्राध्यापक
5. संपादक मण्डल के सदस्य, संपादक – सुनील कुमार जायसवाल, हिंदी सहायक

| 13.4 | अनुभागवार / विभागवार हिंदी की प्रगति प्रतिवेदन (Progress Report) मूल्यांकन हेतु प्रस्तुत |
|---|---|

संस्थान में हिंदी के प्रगामी प्रयोग हेतु अनुभाग / विभागवार हिंदी की प्रगति प्रतिवेदन (1 जनवरी 2020 से 31 मार्च 2020 को समाप्त तिमाही ) जांच हेतु प्रस्तुत की गई सभी समिति सदस्यों ने उक्त प्रतिवेदन का अवलोकन किया व जिन विभागों से हिंदी में कम कार्य हो रहा है उन्हें हिंदी में कार्य करने हेतु निर्देशित करने का निर्णय लिया गया।

श्री शाजू वर्गीज़
कुलसचिव (प्रभारी)

बिनायक चौधुरी 03/07/2020
प्रो. बिनायक चौधुरी
प्राध्यापक

प्रो. डॉ. एन. श्रीधरन
निदेशक